
# १०. भारत की पहचान

## मानचित्र से मित्रता



नीचे दिया गया भारत का मानचित्र देखो । इस मानचित्र में भारत की विभिन्न नदियाँ दर्शाई गई हैं । इनमें से कुछ नदियों के नाम हम हमेशा सुनते अथवा पढ़ते हैं । देशभक्ति के विभिन्न गीतों में भी इनका उल्लेख मिलता है । विभिन्न नदियों, पर्वतों तथा पठारों से हमारा देश समृद्ध है । इनमें से कुछ के नाम मानचित्र में दिए गए हैं । बताओ कि मानचित्र में दिए गए नामों में से किन नामों से तुम परिचित हो ? इन्हें तुमने कहाँ पढ़ा है, इसपर विचार करो । मानचित्र के इन नामों के चारों ओर ◯ बनाओ ।






**भारत-प्राकृतिक मानचित्र का ध्यानपूर्वक अध्ययन करके प्रश्नों के उत्तर कॉपी में लिखो :**

(१) पर्वतों को खोजो और उनके नाम लिखो ।

(२) मानचित्र की पहाड़ियों के नाम लिखो ।

(३) मानचित्र में पठार ढूँढ़ो और उनके नाम लिखो ।

(४) हिमालय से निकलकर सिंधु नदी में आकर मिलने वाली नदियों के नाम लिखो । ऊँचाई का विचार करके उनके बहने की दिशा निश्चित करके लिखो ।

(५) कोरोमंडल तट से जाकर मिलने वाली प्रमुख नदियों के नाम लिखो ।

(६) गंगा, नर्मदा, वैनगंगा, गोदावरी तथा कावेरी नदियों के प्रवाह मार्गों का निरीक्षण करो । इनकी घाटियों की जमीन की ढलान किस दिशा से किस दिशा की ओर है, उसका उल्लेख करो ।

(७) मानचित्र की झीलें ढूँढ़ो और नाम लिखो ।

(८) खाड़ियों के नाम ढूँढ़ो और वे भारत की किन दिशाओं में हैं, उन्हें नामों के साथ लिखो ।

(९) भारत के तीनों ओर के जलभागों का निरीक्षण करो । उनके नाम ढूँढ़ो और वे किस दिशा में हैं, उन्हें लिखो ।

(१०) लक्षद्वीप तथा अंदमान और निकोबार द्वीप समूहों को ढूँढ़कर उनके कुछ द्वीपों के नाम लिखो ।

(११) उत्तर के मैदानी प्रदेश में किस प्रमुख नदी की घाटी है ?

---

हमने मानचित्र और उसपर आधारित प्रश्नों द्वारा भारत की प्राकृतिक रचना की जानकारी प्राप्त की ।

हमारा देश विविध नदियों, पर्वतों, पठारों, मैदानों, द्वीपों इत्यादि से सजा हुआ है । भारतीय भूखंड के तीनों दिशाओं में पानी से घिरे तथा दक्षिण दिशा में शुंडाकार होते गए भाग को 'भारतीय प्रायद्वीप' कहते हैं । हमारी उत्तरी सीमा हिमालय जैसी अत्यधिक ऊँची पर्वतश्रेणियों से तैयार हुई है । हमारे देश में वन, मैदान, मरुस्थल इत्यादि हैं । संलग्न चित्र देखो ।

हमारे देश का विस्तार विशाल है । इसके अलावा समुद्री सतह से ऊँचाई का अंतर ८००० मीटर से अधिक है । इसके कारण प्रदेशानुसार भारत की जलवायु में विविधता पाई जाती है । जलवायु की इस विविधता के कारण वनस्पतियों, प्राणियों तथा पक्षियों की विविधता भी बड़े पैमाने पर दिखाई देती है । इसी तरह फसलों में भी विविधता पाई जाती है । जिस प्रकार उत्तर भारत में गेहूँ प्रमुख फसल है, उसी प्रकार तटवर्ती क्षेत्र तथा दक्षिण भारत में चावल प्रमुख फसल है ।

मध्य भारत में ज्वार का उत्पादन बड़े पैमाने पर होता है । इस संपूर्ण विविधता का सर्वांगीण प्रभाव हमारी जीवनशैली, रीति-रिवाज, परंपरा, जनजीवन तथा संस्कृति पर दिखाई देता है ।

हमारे देश में विभिन्न जातियों-जनजातियों तथा धर्मों के लोग रहते हैं । विविध भाषाएँ बोली जाती हैं । प्रदेशानुसार आहार, पहनावा, त्योहार-उत्सव आदि में यह विविधता हम सहजता से देख सकते हैं ।


















ऊपर दिए गए भारत के राजनैतिक मानचित्र का निरीक्षण करो और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर कॉपी में लिखो :

(१) अपना राज्य पहचानो। अपने मनपसंद रंग से उसे रँगो और राजधानी का नाम लिखो।

(२) सबसे उत्तर की ओर कौन-सा राज्य है, लिखो।

(३) सबसे दक्षिण की ओर स्थित राज्य का नाम लिखो।

(४) पूर्व की ओर के राज्यों को भिन्न रंगों से रँगो। उनके और उनकी राजधानियों के नाम लिखो।

(५) आकार में बड़े राज्य को पीले रंग से रँगो और उसकी राजधानी के चारों ओर ◯ बनाओ।

(६) लाल अक्षरों से लिखे गए नाम कौन-सा क्षेत्र दर्शाते हैं ?

भारत लोकतांत्रिक/गणतंत्र राष्ट्र है । दिल्ली भारत की राजधानी है । क्षेत्रफल की दृष्टि से राजस्थान भारत का सबसे बड़ा राज्य है । इसके बाद मध्य प्रदेश तथा तीसरे क्रमांक पर महाराष्ट्र राज्य है । गोआ भारत का सबसे कम क्षेत्रफलवाला राज्य है ।

### करके देखो

कक्षा के विद्‌यार्थी एक-एक राज्य चुनें । चुने हुए राज्य की जानकारी नीचे दिए गए मुद्‌दों के आधार पर प्राप्त करो ।

(१) सामाजिक/सांस्कृतिक विशेषताएँ : भाषा, त्योहार, उत्सव, पहनावा, नृत्य प्रकार ।

(२) भौगोलिक विशेषताएँ : भूरूप, जलरूप, वन ।

यह जानकारी प्राप्त करने के लिए तुम विद्‌यालय के पुस्तकालय, समाचारपत्र, मासिक पत्रिकाएँ, इंटरनेट, दूरदर्शन तथा शिक्षकों की सहायता लो ।

### थोड़ा सोचो !

(१) अपने राज्य का पड़ोसी और सन २०१४ में बना नया राज्य कौन-सा है ?

(२) भारत में कुल कितने राज्य हैं ?

(३) भारतीय मरुस्थल मुख्य रूप से किस राज्य में है ?

अब तुम प्रत्येक राज्य की संकलित की गई विशेषताओं की तालिका बनाकर कक्षा में चिपकाओ । यह करते समय संघराज्य क्षेत्रों (केंद्रशासित प्रदेश) को मत भूलना । इस प्रकार विभिन्न राज्यों की विशेषताओं से युक्त तुम्हारा वर्गकक्ष तैयार होगा ।

भारत के विभिन्न प्रदेशों के अनुसार फसलों के उत्पादन में भी अंतर पाया जाता है । बाजार अथवा दुकान में हमें मिलने वाली चाय, कॉफी, संतरे, आम आदि वस्तुओं का उत्पादन निश्चित रूप से कहाँ होता है और वे हम तक कैसे पहुँचती हैं, इसे हम अगले पृष्ठ पर दिए गए मानचित्र से समझेंगे ।

### क्या तुम जानते हो ?

भारतीय क्षेत्र में भारत की मुख्य भूमि के अलावा अनेक द्वीपों का समावेश होता है :

(१) अरब सागर का लक्षद्वीप समूह ।


(२) बंगाल की खाड़ी का अंदमान और निकोबार द्वीप समूह ।

(३) भारत की मुख्य भूमि के पास स्थित सागर के द्वीप ।

इन सभी द्वीपों के स्थान देश की सुरक्षा की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण हैं । महाराष्ट्र के तटवर्ती क्षेत्र की रक्षा के लिए इनमें से कुछ द्वीपों पर किलों का निर्माण किया गया है । ये ऐतिहासिक किले जलदुर्ग के रूप में जाने जाते हैं । कोंकण के तट पर ऐसे किले कई स्थानों पर दिखाई देते हैं ।



जलदुर्ग : जंजिरा




ऊपर दिए गए मानचित्र का अच्छी तरह निरीक्षण करो । इस मानचित्र में भारत के कुछ प्रमुख व्यापारी/नकदी फसलें तथा विभिन्न प्रकार के परिवहन मार्ग दर्शाए गए हैं ।

**मानचित्र के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो :**

(१) हमारे राज्य में केसर कहाँ से लाना पड़ेगा ? इसके लिए सुविधाजनक मार्ग पर पेन्सिल फेरो ।

(२) चाय का उत्पादन किन-किन राज्यों में होता है ?

(३) अपने राज्य में लौंग लाने के लिए मार्ग निश्चित करो और उसपर पेन्सिल फेरो ।

(४) सेब का उत्पादन भारत के कौन-कौन-से राज्यों में होता है, वह ढूँढ़ो । इन राज्यों के नामों के चारों ओर ◯ बनाओ ।

(५) नागपुर के संतरे बीकानेर भेजने के लिए मार्ग निश्चित करो और पेन्सिल फेरो ।

(६) पश्चिम बंगाल राज्य में कॉफी तथा आम भेजने के लिए मार्ग निश्चित करो और पेन्सिल फेरो ।


(७) महाराष्ट्र का प्याज अरुणाचल प्रदेश में किस मार्ग से भेजोगे ?

### तुम क्या करोगे ?



हर्ष और तनिष्का मुंबई में रहते हैं । उन्हें अंदमान और निकोबार द्वीप समूह देखना है । पहले वे अपने मामा के पास चेन्नई जाएँगे । इसके बाद इन द्वीपों को देखने जाएँगे । इस यात्रा के लिए पृष्ठ ४९ के मानचित्र में दिए गए मार्गों में से उन्हें किस मार्ग का सहारा लेना पड़ेगा ? मानचित्र में इस मार्ग पर पेन्सिल फेरकर तुम उनकी मदद करो ।

### इसे सदैव ध्यान में रखो !



हमारे देश की वनस्पतियों, प्राणियों तथा पक्षियों में विविधता है । वन प्रदेश में जाने पर यह विविधता हम सहजता से देख सकते हैं । हमें इस विविधता का संरक्षण करना चाहिए ।

### हमने क्या सीखा ?



- भारत का वर्णन मानचित्र के आधार पर समझा ।
- भारत के भूरूप तथा जलरूप समझ गए ।
- भारत की विभिन्न भाषाओं, पहनावों, त्योहारों, उत्सवों तथा विशेषताओं की जानकारी कृति के माध्यम से प्राप्त की ।
- भारत के कुछ कृषि उपज तथा परिवहन के मार्गों को पहचान लिया ।

## स्वाध्याय

**१. नीचे दिए कथनों की गलतियाँ ठीक करके कथन कॉपी में लिखो :**

(अ) हिमाचल प्रदेश में कॉफी के बागान हैं ।

(आ) कोकण प्रदेश भारत के पूर्वी भाग में है ।

(इ) त्रिपुरा राज्य आकार में सबसे छोटा राज्य है ।

(ई) साबरमती नदी मध्य प्रदेश से होकर बहती है ।

(उ) सह्याद्रि पर्वत आंध्र प्रदेश में है ।

**२. पृष्ठ क्र. ४४ के मानचित्र का अध्ययन करो और कौन-सी नदी किस राज्य से होकर बहती है, इसे अपनी कॉपी में लिखो ।**

**उपक्रम :**

१. भारत की उत्तरी सीमा पर स्थित किसी भी एक घटक राज्य के जनजीवन के विषय में जानकारी का सचित्र संग्रह करो ।

२. एकांकी प्रस्तुत करो : 'मैं ........ राज्य बोल रहा हूँ ।'

३. तुम्हारे परिसर में रहने वाले लोग कौन-कौन-सी भाषाएँ बोलते हैं, इसकी जानकारी प्राप्त करो । ये भाषाएँ किन राज्यों से संबंधित हैं, इसे अपनी कॉपी में लिखो ।

* * *